卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 93 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦10 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# सीएम के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब

## भाजपामय नजर आया रूद्रपुर शहर, खुली जीप में सवार होकर सीएम ने स्वागत के लिए पहुंचे लोगों पर की पुष्प वर्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गांधी पार्क में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का शुभारम्भ करने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी पार्क पहुंचने से पहले शहर में जोरदार रोड शो किया। जिसमें ऐतिहासिक भीड़ उमड़ पड़ी। रूद्रपुर की सड़कों पर भीड़ का ऐसा नजारा पहली बार देखने को मिला। रोड शो के रूट पर पैर रखने तक की जगह नहीं थी। रोड शो का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री धामी दोपहर करीब बारह बजे यूआईआरडी में बने हैलीपैड पर पहुंचे। यहां से वह गल्ला मण्डी पहुंचे। गल्ला मण्डी से मुख्यमंत्री धामी का विशाल रोड शो शुरू हुआ। मुख्यमंत्री खुली जीप पर सवार थे।



उनके साथ केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट, जिले के प्रभारी मंत्री गणेश, विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला भी खुले वाहन में सवार थे। मुख्यमंत्री और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री के स्वागत के लिए दोनों ओर महिलाओं और पुरूषों की भारी भीड़ जमा थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए भीड़ पर पुष्प अर्पित किये। रोड शो के दौरान जगह जगह बनाये गये पंडालों पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान शैल सांस्कृति के बैनरतले पर्वतीय समाज ने छोलिया नृत्य के साथ सीएम का स्वागत किया। छोलिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत (शेष पृष्ठ सात पर)







## उत्तराखण्ड को आदर्श राज्य बनाने में महिलाओं की होगी अहम भूमिका: धामी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में ऐतिहासिक रोड शो निकालने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को गांधी पार्क में आयोजित नारी शक्ति वंदन महोत्सव एवं सरस मेले का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली कई महिलाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर सीएम ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों की सराहना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज



रूद्रपुर में मातृशक्ति के साथ साथ विभिन्न समुदायों का जो स्नेह उन्हें मिला वह जीवन भर यादगार रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार, महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सरकार कृतसंकल्प है। जीवन में आजीविका चलाने, बच्चों का लालन पालन करने जैसे कई कठिनाइयों को देखते हुए सरकार ने नौकरी में महिलाओं को 30 फीसदी आरक्षण दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा जिलाध्यक्ष को गेट पर रोका,नोंक झोक

रूद्रपुर। यूआईआरडी में बने हैलीपैड पर सीएम पुष्कर सिंह धामी के स्वागत के लिए जा रहे भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल और जिला महामंत्री सतीश गोयल को यूआईआरडी के गेट पर ही रोक दिया गया। जिसे लेकर सुरक्षा में तैनात कर्मियों के साथ जिलाध्यक्ष की तीखी नोंक झोंक हुई। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री का हैलीकॉप्टर दोपहर करीब 12 बजे यूआईआरडी में बनाये गये अस्थाई हैलीपैड पर उतरा। यहां पर सीएम के स्वागत के लिए कई भाजपा नेता पहुंचे थे। इसी बीच जिलाध्यक्ष कमल जिंदल और महामंत्री सतीश गोयल भी सीएम के स्वागत के लिए जा रहे थे लेकिन उन्हें यूआईआरडी गेट पर ही रोक दिया गया। जिसके चलते वहां पर काफी देर नोंक झोंक हुई। सुरक्षा कर्मियों के इस व्यवहार के चलते जिलाध्यक्ष ने कार्यकम के बहिष्कार का ही ऐलान कर दिया। इसकी भनक जब मुख्य मंत्री के ओएसडी राजू बिष्ट को मिली तो उनके हस्तक्षेप के बाद जिलाध्यक्ष और जिला महामंत्री को यूआई आरडी में अंदर जाने दिया गया। जिला अध्यक्ष और जिला महामंत्री को गेट पर रोके जाने का मामला चर्चा का विषय बना रहा।



## दशकों बाद गांधी पार्क की बदली तस्वीर

### सीएम के स्वागत के लिए दुल्हन की तरह सजा रूद्रपुर

रूद्रपुर। नारी शक्ति वंदन समारोह एवं दस दिवसीय सरस मेले के लिए प्रशासन ने गांधी पार्क का कायाकल्प कर दिया है। एक सप्ताह के भीतर ही गांधी पार्क की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। आज हजारों लोगों ने जहां सीएम के कार्यक्रम में शामिल होकर समारोह की शोभा बढ़ाई। गांधी पार्क का निखरा हुआ रूप देखकर सभी चौंक गये। पहली बार शहर का गांधी पार्क खुला और खिला हुआ नजर आया। मुख्यमंत्री के रोड शो और नारी शक्ति वंदन महोत्सव की तैयारियों में जिला प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ता पिछले एक पखवाड़े से जुटे हुए थे। गांधी पार्क को सजाने संवारने का काम करीब एक सप्ताह पहले शुरू किया गया। एक सप्ताह में ही गांधी पार्क का प्रशासन ने कायाकल्प कर दिया है। गांधी पार्क की दीवारों में उत्तराखण्ड की विभिन्न लोक संस्कृतियों की झलक दिखाई दे रही है। दीवारों का ऐसा नजारा पिछले वर्ष जी-20 सम्मेलन में ही देखने को मिला था। आम तौर पर प्रशासन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सफाई और रंगरोगन आदि करता है लेकिन इस बार सीएम के स्वागत और समारोह की तैयारी कुछ अलग ही नजर आई है। गांधी पार्क के साथ साथ आज शहर के मुख्य मार्ग भी चमके हुए नजर आये और पूरा बाजार क्षेत्र भाजपा मय नजर आया। सीएम के रोड के लिए भी यहां खास तैयारियां की गयी थी। सीएम के कार्यक्रम के बहाने गांधी पार्क की पूरी तस्वीर ही बदल (शेष पृष्ठ सात पर)





## सीएम के पहुंचने से पहले ही खचाखच भरा गांधी पार्क

रूद्रपुर। नारी शक्ति वंदन महोत्सव के शुभारम्भ के लिए मुख्यमंत्री के गांधी पार्क पहुंचे से पहले ही गांधी पार्क खचाखच भर गया। भारी भीड़ उमड़ने के चलते पुलिस प्रशासन को भीड़ नियंत्रित करने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। सीएम के



आने से पहले ही एक साथ भारी तादाद में लोगों के पहुंचने के चलते कई बार पार्क का गेट बंद करना पड़ा। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पार्क के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर की व्यवस्था की गयी थी। इस दौरान पार्क में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

# उत्तराखंड में बहुत प्रसिद्ध हैं रमाणी के नारंगियां और पौड़ी क्षेत्र के माल्टा

## हरदा ने की भगदा और त्रिवेंद्र को भेंट किये पहाड़ी फल





देहरादून(उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश के पूर्व सीएम हरीश रावत ने अपने देहरादून स्थित आवास पर बैठकर उत्तराखंड के सिमांत क्षेत्रों में सर्दियों के दिनों में होने वाले पहाड़ी फलों रमाणी के नारंगियां व पौड़ी के माल्टा का स्वाद चखा और उनकी खूब तारीफ भी की है। पहाड़ी क्षेत्रों में इस वर्ष बर्फबारी नहीं होने से काश्तकारभी इतजार में है। वहां इन दिनों संतरे नींबू और माल्टा का सीजन शूरू हो गया है। वहीं पहाड़ी फलों की ब्रांडिंग करते हुए पूर्व सीएम हरदा ने सोशल मीडिया पर इस बार उन्होंने एक वीडिया शेयर करते हुए बता रहे हैं कि वह अपने मित्र भगतदा के गांव से आये हुए रसीले नारंगियों और माल्टा का स्वाद चख रहा हू और एक टोकरी उनके घर पहुंचकर भेंट की है। उन्होनं बताया कि रमाणी के नारंगियां व पौड़ी के माल्टा बहुत प्रसिद्ध हैं आज मैंने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी (भगत दा) एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत जी को रमाणी व पौड़ी के माल्टे, संतरा और गेठी भेंट की। इस दौरान टिहरी की सांसद श्रीमती माल्या राज लक्ष्मी जी से भी भेंट हुई। ये रमाणी के संतरे (नारंगियां) हैं! रमाणी, भगत दा का मायके का क्षेत्र है। यहां की नारंगियां बहुत प्रसिद्ध हैं और उतने ही प्रसिद्ध हैं ये माल्टे, जो पौड़ी से आये हैं। पौड़ी जो त्रिवेंद्र सिंह रावत जी का मायका है। यह दोनों मेरे पड़ोसी हैं।

# विवि कर्मी के क्रेडिट कार्ड से 79 हजार रूपये की ठगी

पंतनगर (उद संवाददाता)। विवि कर्मी के क्रेडिट कार्ड से 79 हजार 412 रूपये करी ठगी का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित ने साइबर थाने में तहरीर दी थी। चार महीने बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है। जीबी पंत कृषि विवि के निर्माण खंड में हेल्पर और परिसर के झा कालोनी निवासी श्रीकृष्ण प्रसाद ने साइबर थाने की दी तहरीर में बताया कि उसका पंतनगर की एसबीआई ब्रांच में खाता है। जिसके तहत उसने क्रेडिट कार्ड भी लिया है। बीती 13 सितंबर को लगभग 11.52 बजे इसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात नबर से कॉल आया, जिसमें सामने वाले ने कहा कि वह एसबीआई क्रेडिट कार्ड कार्यालय गुडगांव से आकाश वर्मा बोल रहा है। उसने कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड की वैधता समाप्त हो रही है, इसको एक्टिव कराओ नहीं तो उसके खाते से रूपये कट जाएंगें। उसके फोन काट देने पर उसने पुनः समय 12.13 बजे दूसरे नंबर से कॉल किया। फोन काट देने पर उसने 12.54 पर अन्य नंबर से फोन किया तब उसने अपने परिचित से बात कराई, तो उसने कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड के लिए कार्यवाही की जा रही है। यह सिलसिला लगभग 20 मिनट तक चला। उसने अपने खाते से रूपये कटने के डर से परिचित युवक से केवाईसी कराई। 11 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर मैसेज आया की उसके क्रेडिट कार्ड से 79412.32 रूपया खर्च किया गया है, जिसे वह जमा कर दे। तबसे बार-बार उसको काल व मैसेज करके पैसे जमा करने के लिए दबाव डाला जा रहा है। उसने अपना क्रेडिट कार्ड बंद कराने के लिए फोन किया, तो कहा जा रहा है कि पहले रूपया जमा करा दो, उनके क्रेडिट कार्ड की टीम 30 अक्टूबर तक जांच करेगी। सही होने पर आपका रूपया वापस हो जाएगा।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बैलजूड़ी में दिन रात करंट की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। वह मजदूरी कर जीवन यापन किया करता था। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम बैलजूड़ी थाना कुंडा निवासी मोहम्मद नईम 30 वर्ष पुत्र मोहम्मद यासीन मेहनत मजदूरी किया करता है। पता चला है कि बीती रात्रि लगभग 8:00 बजे वह बिजली के बोर्ड में तार लगाने का प्रयास कर रहा था इसी दौरान करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों को जैसे ही इसका पता चला उनमें कोहराम मच गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर



उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। मृतक के दो पुत्र तथा एक पुत्री है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

# रुद्रपुर एआरटीओ कार्यालय में तैनात अधिकारी को रिश्वत लेते दबोचा

रूद्रपुर। विजिलेंस टीम ने रुद्रपुर एआरटीओ कार्यालय में तैनात मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को 4000 रुपए रिश्वत लेते हल्द्वानी से गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर1064 पर शिकायत अंकित करायी गयी कि उसके द्वारा थाना हल्द्वानी में की गयी निलामी में मोटर साईकिल ली थी। जिसके आरसी एवं कागजातों के ट्रांसफर कार्यों के एवज में आरटीओ रुद्रपुर कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भास्करानन्द जोशी द्वारा चार हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था और भ्रष्ट कर्मचारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई चाहता था। उक्त शिकायत पर सतर्कता अधिष्ठान सैक्टर हल्द्वानी द्वारा गोपनीय जांच किए जाने पर प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर तत्काल ट्रैप टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आज प्रशासनिक अधिकारी भास्करानन्द जोशी निवासी फेज -3 ढहेरिया मुखानी हल्द्वानी जनपद नैनीताल को शिकायतकर्ता से चार हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों देवलचौढ़ चैक हल्द्वानी में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त से पूंछताछ जारी है।

# संदिग्ध हालात में फंदे पर लटका मिला रिजॉर्ट कर्मी

नैनीताल । ग्राम पंचायत लेटीबूंगा स्थित एक रिजॉर्ट कर्मचारी का शव मंगलवार सुबह संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। मुक्तेश्वर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने रिजॉर्ट प्रबंधक और कर्मियों से पूछताछ के बाद जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष कमित जोशी ने बताया कि मंगलवार सुबह लेटीबूंगा क्षेत्र में एक युवक के फांसी के फंदे पर लटके होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर देखा कि रिजॉर्ट की चहारदीवारी के अंदर फंदे पर लटके हुए युवक की पहचान संतोष कुमार (23) पुत्र दीवान चंद्र निवासी अघरिया धानाचूली के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि युवक को पदमपुरी सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष जोशी का कहना है कि मृतक के परिजनों के साथ रिजॉर्ट में जाकर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जिसमें फिलहाल कुछ नहीं मिला है। प्रथमदृष्टया आत्महत्या करने का मामला लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल परिजनों की ओर से तहरीर नहीं सौंपी गई है।

# उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम के निदेशकों का निर्विरोध हुआ चुनाव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम के कृषक निदेशकों के चुनाव में किच्छा, बाजपुर, गदरपुर क्षेत्र, काशीपुर व विलासपुर, कानपुर फैजाबाद क्षेत्र से चुनाव में भाग ले रहे सभी प्रत्याशियों को एकत्र कर हरभजन सिंह ने सबसे सम्पर्क कर चारों क्षेत्रों में निर्विरोध चुनाव करया। जिसमें विलासपुर, कानपुर, फैजाबाद क्षेत्र से सुदीश प्रताप सिंह नरायनपुर, मुकुल माहेश्वरी शिकोहाबाद का पर्चा वापिस कराकर हरभजन सिंह बगवाड़ा निर्विरोध चुने गये। काशीपुर क्षेत्र से प्रीत कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुऐ। गदरपुर, बाजपुर क्षेत्र से धर्मपाल व विजय कुमार के नामांकन वापस लेने से हरविंदर सिंह सिद्धू निविरोद्ध निर्वाचित हुऐ। किच्छा क्षेत्र से विधायक शिव आरोरा के सहयोग से अजय खुराना सहारनपुर और धर्मपाल तथा जी.के. सिंह फुलसुंगा के नामांकन वापिस लेने के उपरान्त अंकुर पपनेजा किच्छा निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्विरोध चुनाव के लिए सभी ने हरभजन सिंह के प्रयासों की सराहना की। निगम के इतिहास में पहली बार सभी कृषक निदेशकों का निर्विरोध चुनाव हुआ है। इसकी औपचारिक घोषणा 12 जनवरी 2024 को निगम प्रबन्धन द्वारा की जायेगी।

# अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक शराब तस्कर को बीस लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार



कर लिया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सरदार नगर अंडरपास के पास से गुरुदेव पुत्र जागीर सिंह निवासी नरसिंह माजरा नंदपुर के पास 20 लीटर अवैध कच्ची शराब कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में कांस्टेबल ललिता प्रसाद, होमगार्ड दीपक शर्मा आदि शामिल रहे।

# तीन बच्चों को छोड़ लापता हुई मां यूपी में मिली

नैनीताल। सैन्यकर्मी की लापता पत्नी को हल्द्वानी पुलिस ने यूपी के आजमगढ़ से बरामद किया है। महिला एक माह पहले घर से लापता हो गई थी। पुलिस ने महिला को परिजनों को सौंप दिया है। इंस्टाग्राम पर शुरू हुए प्रेम-प्रसंग के चलते महिला तीन बच्चों और पति को छोड़कर बीती नौ दिसंबर को घर से चली गई थी। सैन्यकर्मी ने कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। जांच मेडिकल चौकी प्रभारी मो. आकिल को सौंपी गई। जांच के दौरान महिला की लोकेशन यूपी के आजमगढ़ में मिली। पुलिस लोकेशन के आधार पर महिला के पास पहुंची। पुलिस के मुताबिक, महिला जिस युवक के घर थी वह बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र (20) है। पुलिस महिला को समझाकर हल्द्वानी लाई और यहां उसकी काउंसलिंग कराई गई। इस बीच काफी देर तक कोतवाली में हंगामा रहा। सिटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश करने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# साइबर ठगी के शिकार युवक ने जहरीला पदार्थ गटका

नैनीताल। नगर के समीपवर्ती क्षेत्र में साइबर ठगी के शिकार युवक ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर युवक को बीडी पांडे अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार भवाली निवासी एक युवक ने सोमवार को जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजन युवक को बीडी पांडे अस्पताल ले आए। जहां उसका इलाज चल रहा है। एसपी अपराध एवं यातायात डॉ.जगदीश चंद्र ने बताया कि कोतवाली पुलिस की ओर से पूछताछ में ताऊ ने बताया कि युवक के साथ साइबर ठगी हुई है। परिजनों की नाराजगी से बचने के लिए युवक ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। फिलहाल युवक की हालत ठीक है। वहीं मल्लीताल गाड़ीपड़ाव क्षेत्र निवासी दो भाइयों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। परिजनों ने दोनों को छुड़ाने की बहुत कोशिश की लेकिन उनमें हाथापाई शुरू हो गई। गुस्से में एक भाई ने घर में रखा फिनाइल पी लिया। फिनाइल पीने से युवक की तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंच गए। फिलहाल युवक की हालत में सुधार है।

# लालपुर में गोली लगने से युवक की मौत

रुद्रपुर। लालपुर के रहने वाले बलदेव सिंह के बेटे सन्नी (17) की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि उसका दोस्त उसे बुलेट पर बिठाकर ले गया था। परिजनों ने युवक के दोस्त पर ही हत्या का आरोप लगाया है। दोस्त का आपराधिक रिकॉर्ड बताया जा रहा है।मंगलवार को मलसा गांव का एक युवक सन्नी को अपनी बुलेट पर कहीं ले गया था। शाम छह बजे किसी ने लक्की सिंह को बताया कि उनके भाई सन्नी को चोट लगी है और उसे काशीपुर मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया है। सूचना पर परिजन निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उनको सन्नी को जिला अस्पताल ले जाए जाने की जानकारी हुई। जिला असपताल पहुंचने पर उन्हें पता चला कि सन्नी के सीने पर गोली लगी है और उसने दम तोड़ दिया है।सूचना पर कोतवाल धीरेंद्र कुमार और थाना पंतनगर प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी मय फोर्स जिला अस्पताल पहुंचे। यहां लक्की सिंह ने कहा कि सन्नी की धोखे से ले जाकर हत्या की गई है। गोली भाई के सीने से सटाकर मारी गई है। उसका कहना है कि सन्नी की किसी से रंजिश नहीं है। परिजनों ने मलसा गांव के ही दोनों सगे भाइयों पर साजिशन हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सन्नी तीन भाइयों में सबसे छोटा है। उसका सबसे बड़ा भाई न्यूजीलैंड में काम करता है, जबकि दूसरा भाई पिता के साथ वाहन चलाने का काम करता था।परिजनों ने आरोप लगाया है कि सन्नी के साथ गए एक युवक का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा हैं। इसके बावजूद लापरवाही का मामला बताकर लीपापोती की जा रही है। मामले को हथियार के साथ छेड़छाड़ के साथ जोड़ के दिखाया जा रहा है। युवक के दोस्तों का कहना है कि युवक ईएसआई अस्पताल में पार्ट टाइम जॉब करता था।

# मलिन बस्तियों में हाउस टैक्स लगाने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा पूर्व जिला कार्यालय प्रभारी राजीव जौहरी ने मलिन बस्तियों में नजूल भूमि पर हाउस टैक्स लगाये जाने की मांग की है। इसके साथ ही आवास विकास परिषद के कार्यालय को जसपुर से पुनः रूद्रपुर स्थानांतरित करने की मांग की हैं। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से जौहरी ने कहा कि वर्तमान में नजूल भूमि पर बसे कुछ लोगों के भूखण्ड फ्रीहोल्ड किये जा रहे हैं जबकि कुछ लोगों के मकान अभी तक हाउस टैक्स नहीं लगा है। जिस कारण उनका फ्रीहोल्ड नहीं हो पा रहा हैं श्री जौळरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 2016 से नजूल की आवासीय फाईल में टैक्स बंद कर दिया है जो पहले से हाउस टैक्स लगा है उसके स्थानांतरण पर रोक लगी है, उसे खोलकर नजूल भूमि पर हाउस टैक्स स्थानांतरिण कराया जाये जिससे फ्रीहोल्ड कराये जा सके।। इससे जनता को राहत मिलेगी साथ ही नगर निगम की आय भी बढ़ेगी। भाजपा नेता जौहरी ने इसके साथ ही आवास विकास परिषद कार्यालय को पुनः रूद्रपुर स्थानांतरित करने की मांग भी उठाी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में आवास एवं विकास परिषद उत्तर प्रदेश से ही मुख्यालय रूद्रपुर में स्थापित किया गया था। लेकिन कुछ समय पूर्व यह कार्यालय जसपुर स्थानांतरित कर दिया गया। पूर्व में इस कार्यालय की रूद्रपुर में बहाली के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भाी दिया गया था। जसपुर में कार्यालय खुलने के चलते खटीमा सितारगंज, गद रपुर, किच्छा, रूद्रपुर आदि शहरवासियों को अपने काम के लिए जसपुर के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि वहां पर मात्र एक कर्मचारी है, वह कर्मचारी भी अकसर छुट्टी पर रहता है और कार्यालय बंद मिलता है। उस कर्मचारी का व्यवहार भी जनता के लिए ठीक नहीं है। बाकी कार्य के लिए देहरादून जाना पड़ता है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# पुलिस ने चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का दर्ज किया मुकदमा

बाजपुर (उद संवाददाता)। एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के ससुरालियें पर दहेज में बुलेट बाइक व दो लाख रूपये की मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री उत्पीड़न करने व घर से निकलने को आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम पैगा निवासी दर्शन सिंह पुत्र करनैल सिंह ने आइटीआइ थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री गुरजीत कौर की शाीद ग्राम इमालिया फार्म भीरा तहसील लखीमपुर खिरी यूपी निवासी गुरपेज सिंह पुत्र भजन सिंह के साथ 24 जनवरी 2021 को हुई थी। आरोप लगाया बीीती 20 सितंबर 2021 को उसकी पुत्री का पति गुरपेज सिंह, ससुर भजन सिंह, सास परमजीत कौर व जेठ बलजीत सिंह आये तथा दहेज में बुलेट बाइक के साथ दो लाख की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत सभी ससुरालियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# नई तकनीकों के माध्यम से संस्कृति, सभ्यता के बारे में बताया जाना जरूरीः राज्यपाल



देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन ऑडिटोरियम में निहाल प्रोडक्शन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रोडक्शन हाउस के निदेशक डॉ. करनदीप सिंह ने कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के लिए प्रस्तावित एनिमेटेड फिल्म सीरीज (केसरी किड्स)''देवभूमि एक्सप्रेस' के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि केसरी किड्स के नाम से इस एनिमेटेड फिल्म के माध्यम से बच्चों को नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षाएं दी जाएंगी। इसके साथ-साथ लोगों को नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षाओं से भी परिचय कराया जाएगा। यह एनिमेटेड फिल्म 450 एपिसोड की बनाई जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्रत्येक एपिसोड 22 मिनट का होगा। इसमें मनोरंजक के साथ-साथ ज्ञानवर्धक जानकारियां और उत्तराखंड के धार्मिक, आध्यात्मिक, पर्यटन, प्राकृतिक स्थलों की जानकारी भी होगी। कार्यक्रम में राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय मॉर्डन मीडिया, मास मीडिया और एआई मीडिया का है और इन्हीं माध्यमों से हम अपनी आने वाली पीढ़ी को नैतिकता और आध्यात्मिकता के प्रति जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनिमेटेड फिल्म के रूप में इसे लोगों के सामने लाना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा और बच्चे, ज्यादातर समय मोबाइल या लैपटॉप की स्क्रीन में व्यतीत कर रहे हैं। एनिमेटेड फिल्मों से उन्हें शिक्षाएं प्रदान किया जाना बेहद प्रासंगिक है और यह एक सशक्त माध्यम भी बन सकता है। राज्यपाल ने कहा कि यदि आप अपनी सोच, विचार और धारणा से किसी व्यक्ति को रूबरू कराना चाहते हैं या अपनी बात उसकी आत्मा तक पंहुचाना चाहते हैं तो मॉर्डन मीडिया का इस्तेमाल किया जाना आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि अमृत काल की पीढ़ी को एनिमेशन और नई तकनीकों के माध्यम से अपनी संस्कृति, सभ्यता और मान्यताओं के बारे में बताया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी नैतिक एवं चारित्रिक विकास के बल पर हमारे 2047 विकसित भारत और विश्व गुरु के संकल्प को पूरा कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के आध्यात्मिक और पर्यटन स्थलों पर आधारित देवभूमि एक्सप्रेस एक ऐसी सोच है जो पूरे विश्व को एक संदेश देगी। उन्होंने कहा कि इस सीरिज के माध्यम से हमारे इन स्थलों का प्रचार-प्रसार होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अनेक ऐसे स्थल हैं जो अपने आप में दिव्यता और भव्यता से भरपूर हैं। यह फिल्म उन सभी स्थलों को भी देश और दुनिया के सम्मुख लाएगी। राज्यपाल ने कहा वर्तमान समय के परिपेक्ष्य में इसकी बहुत जरूरत है। उन्होंने इस सोच के लिए प्रोडक्शन हाउस के सभी सदस्यों के प्रयासों को सराहा और सभी से सहयोग की अपील की। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने निहाल निहाल निहाल प्रोडक्शन को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के मस्तिष्क में नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षाओं के साथ-साथ उत्तराखण्ड डेस्टिनेशन को लाना एवं दिखाना जरूरी है। एनिमेशन के जरिए हम बहुत सी बातें कर सकते हैं एवं बच्चों के मस्तिष्क को किसी भी दिशा में ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज से 500 वर्ष के लम्बे संघर्ष के बाद अयोध्या में श्री राम मंदिर बनकर तैयार हो चुका है, हमें नई पीढ़ी को यह भी जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐनिमेशन के जरिए बच्चों को ऐसा दिखाया जा सकता है जिससे बच्चों को प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में हेमकुंड गुरुद्वारा मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा, बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री अजेंद्र अजय, उत्तराखण्ड बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना, कुलपति दून विश्व विद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता के अध्यक्ष डॉ. हरबंस सिंह चुग, लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी की उप निदेशक दिशा पन्नू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# वनाग्नि रोकने लिए समय से बनाई जाए फायर लाईनः डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय वनाग्नि प्रबन्धन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वनाग्नि की घटनाओं को रोकने लिए समय से फायर लाईन बनाई जायें। उन्होंने जनपद में वनाग्नि से सम्बन्धित सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु तीनों प्रभागों में मास्टर कन्ट्रोल रूम स्थापित करने तथा मास्टर कन्ट्रोल रूम्स के साथ ही राज्य कन्ट्रोल रूम का नम्बर भी सार्वजनिक करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकरी ने ब्लॉक तथा ग्राम स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा समितियों को संक्रिय करने, चिन्हित संवेदनशील स्थानों के आप-पास वाली ग्राम पंचायतों के क्षेत्रवासियों को वनाग्नि की रोक-थाम, बचाव आदि के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिये। विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में वनाग्नि से पारिस्थितिकीय हानियों, सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय नुकसानों आदि के बारे में जागरूक करने के निर्देश शिक्षा तथा वन विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने वन क्षेत्रों वाले गावों के युवक तथा महिला मंगल दलों को सक्रिय करने तथा वॉलिन्टियर बनाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने वनाग्नि की रोकथाम हेतु समय से सभी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम हेतु फायर, पुलिस, राजस्व, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा मुख्य शिक्षा अधिकारी आरएस रावत, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी आदि उपस्थित थे।

# नदन्ना में प्रशिक्षणार्थियों को बांटे गए कौशल प्रमाणपत्र

खटीमा (उद संवाददाता)। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत नदन्ना में दो सप्ताह तक चले इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण के अंतिम दिन एसएसबी ने प्रशिक्षणार्थियों को कौशल प्रमाणपत्र बांटे। साथ ही उन्हें नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। नदन्ना पंचायत भवन में हुए कार्यक्रममें मंगलवार को एसएसबी के कमांडेट मनोहर लाल ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र बांटे। उन्होंने युवाओं को नशे के प्रति सचेत रहने, नशामुक्त जीवन यापन करने व ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ उठाने का अवाहन किया । इस दौरान द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश कुमार, निरीक्षक नागेंद्र सिंह, उप निरीक्षक ठाकुर सिंह के अलावा ग्राम प्रधान माया जोशी, ट्रेनर विकास राना आदि मौजूद रहे।

# रेस्टोरेंट के किचन में फफूंद लगी मिली दाल, सब्जी में तैर रहे थे कॉकरोंच






## कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने लगाई फटकार, सील करने के निर्देश

नैनीताल। शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के निरीक्षण ने रेस्टोरेंट संचालकों की अव्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी। निरीक्षण के दौरान एक रेस्टोरेंट की दाल में फफूंद लगी मिली तो सब्जी में कॉकरोंच तैर रहे थे। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर कार्यवाही करते हुए उन्होंने तत्काल रेस्टोरेंट सील कर कार्रवाई के निर्देश खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिये। कमिश्नर के निरीक्षण का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है साथ ही लोगों ने होटल ढाबों में बासी खाने की जांच करने पर दीपक रावत की कार्यशैली की प्रशंसा भी कर रहे है। सोमवार को कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत मल्लीताल क्षेत्र के गाड़ीपड़ाव स्थित रेस्टोरेंट जहां उन्होंने जायजा लिया। इस दौरान रेस्टोरेंट में गंदगी और खाने की घटिया क्वालिटी के कारण वो भड़क गए। उन्होंने रेस्टोरेंट बंद करवाकर खाद्य सुरक्षा विभाग को कार्रवाई और रेस्टोरेंट सील करने के निर्देश दिए हैं।इसके साथ ही उन्होंने रेस्टोरेंट के संचालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। इसके साथ ही रेस्टोरेंट से आटे और पनीर के सैंपल भी लिए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने खड़ी बाजार, गाड़ीपड़ाव, गोलघर, पंत पार्क, डीएसए पार्किंग आदि का जायजा लेने के बाद व्यवस्थाओं में सुधार करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात मल्लीताल गोलघर क्षेत्र में बिना अनुमति लगाए गए मोबाइल टावर को ऊर्जा निगम के आउटसोर्स कर्मचारी खोलते मिले। जिस पर उन्होंने तत्काल संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाने के निर्देश अधीनस्थों को दिये। सोमवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत मल्लीताल क्षेत्र के निरीक्षण में पहुंचे, जहां गोलघर क्षेत्र में लगे मोबाइल टावर उतारने के लिए कुछ मजदूर कार्य कर रहे थे।पूछताछ के दौरान काम कर रहे मजदूर ऊर्जा निगम के आउटसोर्स कर्मी निकले। मोबाइल टावर उतारने के लिए ऊर्जा निगम की ओर से मजदूर उपलब्ध कराने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई, जिसके बाद वह गाड़ी पड़ाव क्षेत्र के रेस्टोरेंटों में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंच गए। दिल्ली दरबार रेस्टोरेंट के किचन में भारी गंदगी पसरी मिली। दाल में कीड़े तैरने के साथ ही फफूंदी लगी हुई थी। काटी गई सब्जी में कॉकरोज देखकर आयुक्त भड़क गए। उन्होंने तत्काल खाद्य सुरक्षा अधिकारी को रेस्टोरेंट सील करने के साथ ही कार्रवाई के निर्देश दिए। गोलघर चौराहे के समीप लगे टावर को उतारने वाले मजदूरों से जब आयुक्त ने पूछताछ की तो वह ऊर्जा निगम के आउटसोर्सिंग पर रखे गए मजदूर निकले। वहीं लगाए गए टावर का अनुमति पत्र भी मौके पर नहीं मिला। बिना अनुमति सड़क खोद पालिका भूमि में अतिक्रमण करने पर आयुक्त ने लोनिवि अधिकारियों को संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि संबंधित कंपनी को शहर के आठ स्थानों पर टावर लगाने की अनुमति दी गई थी। मल्लीताल क्षेत्र में ओपन एयर थियेटर के समीप टावर लगाने की अनुमति थी, जबकि ठकेदार ने गोलघर चौराहे के समीप टावर खड़ा कर दिया। जिस कारण पालिका ने टावर को हटाने के निर्देश दिये थे। आयुक्त ने ऊर्जा निगम के लिए अनुबंधित मजदूरों को बाहरी ठेकेदार के लिए कार्य करते पाया तो शहर में तैनात आउटसोर्स कर्मियों की पड़ताल की। उन्होंने आउटसोर्स कर्मियों की उपस्थिति रजिस्टर, अनुबंध पत्र व भुगतान संबंधित दस्तावेज तलब कर विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। ठेकेदार द्वारा बनाये गए उपस्थिति रजिस्टर में चार से पांच कर्मचारी ही काम करते मिले, जबकि विभाग के साथ किये गए अनुबंध में 12 कर्मी तैनात करने की शर्त अंकित थी। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त कर अधिशासी अभियंता को कार्रवाई के निर्देश दिए। बाजार के निरीक्षण के बाद आयुक्त पालिका कार्यालय होते हुए पंत पार्क की ओर पहुंचे तो वहां रास्ते के दोनों ओर दर्जनों वाहन पार्क मिले, जिसमें से कई टैक्सी वाहन भी पार्क थे। काफी देर इंतजार के बाद भी जब वाहन स्वामी मौके पर नहीं पहुंचे तो उन्होंने पार्क में अनाधिकृत रूप से पार्क हो रहे वाहन स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर आरटीओ को निर्देशित किया।

# घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पूंजी निवेशकों के लिए यूआईआईडीबी को कॉरपोरस फंड की मंजूरी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में यूआईआईडीबी की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक में बोर्ड एवं कार्य समिति की संरचना के साथ ही 10 करोड़ रुपए के प्रारंभिक कॉर्पस कोष के गठन को भी मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़ी परियोजनाओं की पहचान कर उनका प्राथमिकता के साथ क्रियान्वयन हो इस पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य में सीमित वित्तीय संसाधनों के दृष्टिगत आधारभूत संरचनात्मक ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु इस क्षेत्र के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पूंजी निवेशकों को आकर्षित किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य हित में जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिये यू.आई. आई.डी.बी. का गठन किया गया है उसके परिणाम शीघ्र धरातल पर दिखाई दे इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बोर्ड की संरचना तथा कार्यकारी समिति से संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों सहित विशेषज्ञों को भी नामित किया जाए। यदि बोर्ड से अच्छे और अनुभवी विशेषज्ञ जुड़ेंगे तो कार्यों का संचालन भी बेहतर ढंग से हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है उनकी प्राथमिकता तय कर समयबद्धता के साथ उन्हें पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार, ऋषिकेश कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर के साथ ही वेडिंग डेस्टिनेशन के कार्यों में तेजी लाया जाए। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव मुख्यमंत्री श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, श्री विनय शंकर पाण्डे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाये : सीएम



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक कर अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चिन्हित मार्गों पर क्रैश बैरियर का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ चारधाम यात्रा से पहले पूर्ण करने तथा पर्यटक स्थलों पर वाहनों की पार्किंग एवं वाहन चालकों के लिए डोरमिट्री की व्यवस्था के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को अधिक सड़क दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हित करने तथा स्कूलों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता की जानकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी कार्य तथा पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा यातायात प्रबंधन हेतु लगाए गए कैमरे के इंटीग्रेशन के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्री आनन्द बर्द्धन, डीजीपी श्री अभिनव कुमार, सचिव श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## बीआरओ के महानिदेशक ने की सीएम धामी से मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि)से मंगलवार को राजभवन में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने भेंट की। राज्यपाल ने बीआरओ के महानिदेशक के साथ उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्रों में सड़क संपर्क पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को सचिवालय में बी.आर.ओ महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल श्री रघु श्रीनिवासन ने भेंट की। इस अवसर पर महानिदेशक ने बीआरओ द्वारा पिथौरागढ़ में बनाई जा रही बलुआकोट से तवाघाट और लिपुलेख से जोलिंगकोंग सड़क निर्माण के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी समय में आदि कैलाश और पार्वती कुंड आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी। राज्य में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि की संभावनाओं को दृष्टिगत राज्य सरकार आगामी 50 सालों की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूडी, चीफ इन्जीनियर लोक निर्माण विभाग श्री दीपक कुमार यादव एवं बी.आर.ओ. के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर सड़कों पर उतरी कांग्रेस

हल्द्वानी। अंकिता भंडारी की मां ने बीते दिनों सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कथित वीआईपी के नाम का खुलासा किया। जिसके बाद एक बार फिर से कांग्रेस इस मामले को लेकर सरकार पर हावी होती नजर आ रही है। हलद्वानी में मंगलवार को कांग्रेस ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया।अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर एक बार फिर कांग्रेस सड़कों पर आ गई है। बहुचर्चित हत्याकांड में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कोर्ट में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कांग्रेस



ने अंकिता के पिता की चिट्ठी को लेकर भाजपा के ऊपर कई सवाल खड़े किए।कांग्रेस ने अंकिता के पिता द्वारा लिखे गए पत्र में जिस बड़े भाजपा का नाम लिया गया है उस पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार आखिर अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी के नाम सार्वजनिक क्यों नहीं कर रही है ? कांग्रेस ने आरोप लगाया की सरकार कार्रवाई करने के बजाय इस मामले को दबाने में जुटी हुई है।

## घर-घर वितरित किये पूजित अक्षत

किच्छा(उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धर्म राज जायसवाल तथा भाजपा महिला नेत्री आरती दुबे के नेतृत्व मे प्राण प्रतिष्ठित अक्षतों के वितरण का कार्य आज भी जारी रहा। नगर के विभिन्न वार्डों में अक्षत चल रहे अक्षत वितरण का कार्यक्रम का दसवां दिन है। अक्षत वितरण कार्यक्रम को पूरे नगर में 21 जनवरी तक संपन्न कर लिया जाना निश्चित है। तमाम भाजपा कार्यकर्ता एवं संघ के कार्यकर्ता तथा भाजपा के अन्य संगठन अपने वरिष्ठ नेताओं



के नेतृत्व में अक्षत वितरण कार्यक्रम में लगे हुए हैं ताकि आगामी चुनाव में भी वे जनता से सीधे संपर्क में बन रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंजू जायसवाल,संगीता शर्मा,आरती दुबे ,दिनेश दुबे, लता सिंह, ज्योति जड़िया, मधु गुप्ता, जसमीरी देवी ,प्रतिभा रघुवंशी, कविता मान, अनीता गंगवार, माधुरी संगीता, नीतू सिंह, कुसुम गंगवार, सुशीला, विमला, दया दसीला, सुनीता गंवार उपस्थित थे।

## सबसे बड़े कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करेंगी रूद्रपुर की निकेता पाहुजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दुनिया का सबसे बड़ा कवि सम्मेलन बुलंदी संस्था द्वारा आयोजित किया जाएगा 10 जनवरी 2024 से विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी की वैश्विक यात्रा 'बुलंदी पर हिंदी' नामक इस कवि सम्मेलन को हॉवर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड लंदन द्वारा विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। उक्त आयोजन में रुद्रपुर की कवियत्री निकेता पाहुजा को भी काव्य पाठ हेतु निमंत्रण संस्था के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय कवि बादल बाजपुरी एवं संरक्षक अंतरराष्ट्रीय कवि पंकज प्रकाश द्वारा आमंत्रित किया गया है। बुलंदी संस्था वर्ष 2021 और 2022 में 207 घंटे और 400 घंटे अनवरत वर्चुअल कवि सम्मेलन आयोजित करवाकर दो बार विश्व वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी है जिससे इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया। बुलंदी संस्था उत्तराखंड के बाजपुर से संचालित होती हैं, जिसका उद्देश्य नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करना है और इसके लिए संस्था निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही हैं। बहुत ही कम समय में बड़े -बड़े आयोजन आयोजित करवा कर बुलंदी संस्था ने अपने नाम को सार्थक कर दिया है संस्था का यह तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड साहित्य जगत की सुर्खियों में बना हुआ है।





# शौक पूरे करने को शातिर ने किए लाखों के जेवर चोरी

## बारह घंटे के भीतर पुलिस ने किया चोरी का खुलासा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अपने शौक पूरे करने के लिए एक शातिर चोर ने भीमताल क्षेत्र में घर से लाखो रुपए कीमत के करीब 12 तोला सोने के जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने मामला दर्ज होने के बारह घंटे में शातिर चोर को चुराए जेवरात सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि 8 जनवरीको विनीत जोशी पुत्र स्व. हेम चन्द्र जोशी निवासी निकट सरकारी अस्पताल तल्लीताल भीमताल नैनीताल द्वारा थाना भीमताल में तहरीर दी गई कि 7 को सपरिवार हल्द्वानी जाने के दौरान उसके घर से लगभग 12 तोला सोने के जेवरात चोरी हो गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोर को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए।थानाध्यक्ष भीमताल जगदीप नेगी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। पुलिस टीम द्वारा कड़ी सुरागरसी पतारसी व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हल्द्वानी जाने वाले रास्ते मे चौकिंग के दौरान एक व्यक्ति आकिल खान पुत्र कामिल खान निवासी सरस्वती शिशु देवी मन्दिर भवाली को डाबोसी कर उसके पास से लगभग 12 तोला सोने के जेवरात बरामद कर लिए गए। पूछताछ में आकिल खान ने बताया कि वह चोरी किये गये जेवरात को अपने शौक पूरे करने के लिए बेचने हल्द्वानी जा रहा था। जिसे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। घटना का सफल अनावरण करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम की हौसला अफजाई हेतु 2,500 के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में जगदीप नेगी थानाध्यक्ष भीमताल, उ0नि0 भुवन चन्द्र जोशी, हेका. सुमित चौधरी, का. संजय नेगी, संजय साहनी, अरविन्द सिंह राणा, प्रकाश चन्द्र व राहुल राणा शामिल थे।

# कांग्रेसजनों ने राज्यपाल से की अंकिता को न्याय दिलाने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के आह्वान पर महानगर कांग्रेस ने उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को अविलंब न्याय दिलवाने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा। प्रेषित ज्ञापन में कांग्रेस ने अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े हर पहलुवों की निष्पक्ष जांच सहित अंकिता भंडारी के माता-पिता द्वारा पौड़ी जिलाधिकारी को लिखे गए पत्र पर कार्यवाही सहित यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट, तत्कालीन एसडीएम प्रमोद कुमार और वीवीआईपी अजय कुमार के खिलाफ अविलंब त्वरित कार्यवाही की मांग की।जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि बहन अंकिता भंडारी को न्याय दिलवाने में भाजपा सरकार द्वारा देरी क्यो हो रही है। यह बात अंकिता भंडारी के माता पिता के ताजा बयानों से समझ आ रही है। अंकिता के माता पिता ने उस वीवीआईपी के नाम का खुलासा किया है जिसका खुलासा पिछले एक साल से भाजपा सरकार नही कर सकी। अंकिता के माता पिता ने भाजपा और आरएसएस के वरिष्ठ नेता अजय कुमार के नाम को सार्वजनिक कर भाजपा के चाल चरित्र और चेहरे को जगजाहिर कर दिया है।अब वीवीआईपी सामने आ गया है। तो भाजपा सरकार को उसके खिलाफ को तुरंत गिरफ्तार कर बेटी अंकिता को अविलंब न्याय दिलाना चाहिए। अन्यथा कांग्रेस उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हेमन्त बगडवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, जिला महामंत्री मलय बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि जीवन कार्की, वरिष्ठ कांग्रेसी एनबी गुणवंत, जगमोहन चिलवाल, सुहैल सिद्दीकी, मयंक भट्ट, खजान पांडे, कन्नू परगाई, महानगर महामंत्री विनोद कुमार पिंनु, कार्यकारी महिला महानगर अध्यक्ष कमला सनवाल गीता बहुगुणा,राधा आर्य, मीमांशा आर्य, कमला तिवारी, नंदन दुर्गापाल, नरेश अग्रवाल, दीप पाठक, गोविंद बगडवाल, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पाण्डे,सौरभ भट्ट,जगमोहन बगडवाल, राजू रावत, संदीप जोशी, अमित रावत,एडवोकेट कोमल जायसवाल, एडवोकेट धर्मवीर, अबरार सिद्दीकी, हाजी इस्लामुद्दीन, बबलू बिष्ट, गणेश टम्टा, मुतर्जा अली, मोहम्मद साद, कुंदन नेगी, आलोक शर्मा, मनोहर सांगूड़ी, मोहम्मद दानिश आदि लोग मौजूद रहे।



# बेहड़ ने सीएम से की किच्छा में दस योजनाओं को स्वीकृति देने की मांग



किच्छा (उद संवाददाता)।विधायक तिलक राज बेहड ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर किच्छा विधानसभा क्षेत्र में दस योजनाओं को स्वीकृति देने की मांग की। विधायक बेहड़ ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री ने सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास तथा सबका प्रयास कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विधानसभा से विकास कार्यों के सुझाव मांगे थे। इसी सम्बन्ध में उन्होंने एक पत्र मुख्यमंत्री को पेश किया था जिसमें किच्छा विधानसभा की 10 महत्वपूर्ण योजनाओं को पत्र के माध्यम से प्रेषित किया गया। इन योजनाओं में कम्युनिटी हाल का निर्माण,किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण, किच्छा स्टेडियम का निर्माण,किच्छा फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना,किच्छा राजकीय कन्या इण्टर कालेज की स्थापना,किच्छा इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना, पिपलिया चौराहे से धोराडाम तक सड़क का चौडीकरण,हल्दी, पंतनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण,ग्राम नजीमाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्थापना,पंतनगर विश्वविद्यालय की क्षतिग्रस्त आंतरिक सडकों का निर्माण आदि शामिल हैं। बेहड ने मुख्यमंत्री से कहा कि इस सम्बन्ध में वे कई बार पत्र भेज चुके है तथा व्यक्तिगत रूप पर से भी कई बार आग्रह कर चुके हैं। बेहड़ ने मुख्यमंत्री से उक्त दस महत्वपूर्ण योजनाओं की स्वीकृति के लिए सार्वजनिक घोषणा करने की मांग की है।


# बाइक और टैंपो की भिड़ंत में युवक घायल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाईक और टैंपो की भिड़ंत में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पन्तनगर थाने के पास बुधवार सुबह टेंपो और बाईक की हुई जोरदार भिड़ंत हो गयी। हादसे में बाइक पर सवार होकर रूद्रपुर से पंतनगर की ओर आ रहा युवक घायल हो गया। घायल की पहचान हरीश सिंह कोरंगा निवासी बिन्दुखत्ता के रूप में हुई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

# खूनी संघर्ष में छह लोग घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्लाट पर बाइक साइड में पार्क करने को लेकर भूरारानी में खूनी संघर्ष हो गया। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने लोहे की राड और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में पति-पत्नी समेत छह लोग घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ कर पीड़ित की बहनों से हाथापाई व अश्लील हरकत भी की। इस सूचना पर मौके पर पहुंच जानकारी ले पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। भूरारानी निवासी विकास पुत्र राम बहादुर सहानी ने पुलिस को बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है। घर के पास ही अपने खाली प्लाट पर वह ई-रिक्शा पार्क करता है। पीड़ित के अनुसार पड़ोसी परिवार अक्सर उनके प्लाट पर उपनी बाइक पार्क कर देते हैं। सोमवार रात पड़ोसी से बाइक साइड करने के लिए कहने पर वह भड़क उठा ओर गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर वह अपने 11-12 स्वजन के साथ धारदार हथियार लेकर हमलावर हो गया। बीचबचाव को आई उसकी पत्नी सहित मां आशा देवी, भांजी आलोक, बहन बीना व रामवती पर भी हमला कर उन्होंने घायल कर दिया। विकास के मुताबिक हमलावरों ने उसकी बहनो से अभद्रता और अश्लील हरकत की। शोर होने पर एकत्रित आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया और उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गाए। आरोप है कि जब वे अस्पताल में थे, तब आरोपितों ने उनके घर में भी तोड़फोड़ कर दी।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### कृषि उत्पादन में कमी

पहाड़ मैदानों के मौसम का मिजाज साधने में मदद करते हैं। बादलों के बरसने, हवाओं में नमी भरने, नदियों को सदानीरा बनाए रखने में पहाड़ों का बड़ा योगदान होता है। उनकी हरियाली सैलानियों का मन तो मोहती ही है, अनेक औषधीय वनस्पतियां भी सहेजती है। मैदानी भागों की कृषि काफी कुछ पहाड़ों से पोषण पाती है। मगर जलवायु परिवर्तन के चलते अब पहाड़ खुद बंजर होने की तरफ बढ़ चले हैं। उत्तराखंड में जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एक शोध से पता चला है कि इस वर्ष पिछले चालीस वर्षों की तुलना में वर्षा स्तर में उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई है।न्यूनतम तापमान में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, जिसके चलते तराई क्षेत्रों में फसलों के समय से पहले पकने और उत्पादन में कमी आने की आशंका गहरी हो गई है। शोध में वर्षा के स्तर, धूप की अवधि और वाष्पीकरण की दर पहले की तुलना में काफी घट गई है। इन स्थितियों में फिलहाल सुधार की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही। इसी तरह इस वर्ष जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों पर अभी तक बर्फ नहीं गिरी है। कश्मीर के जिस गुलमर्ग इलाके में इस समय बर्फ की मोटी चादर पसरी होती थी, वहां सूखा पसरा है। यही हाल हिमाचल के पहाड़ों का है।पहाड़ों पर इस पारिस्थितिकी असंतुलन के पीछे अलनीनो प्रभाव बड़ा कारण माना जा रहा है। मौसम में शुष्कता होने की वजह से पहाड़ों पर सूखी ठंड पड़ रही है। इससे पहाड़ी इलाकों में पहुंचे सैलानियों में तो निराशा नजर आ ही रही है, कृषि उत्पादन में कमी को लेकर भी चिंता गहराने लगी है। दरअसल, धूप के घंटों और वाष्पीकरण में कमी के चलते पहाड़ी इलाकों में बादल नहीं बन पा रहे, जिससे वहां वर्षा कम हुई है। माकूल बरसात न होने से बर्फ भी नहीं पड़ रही। बर्फ कम पड़ेगी तो प्राकृतिक जल स्रोतों का स्तर भी घटेगा। पहले ही कई पहाड़ों की झीलों, जलकुंडों आदि में जल स्तर घटने के तथ्य सामने आ चुके हैं। ताजा अध्ययनों से यह स्थिति और चिंता बढ़ा सकती है। पहाड़ों पर बिगड़ते पारिस्थितिकी संतुलन, अतार्किक ढंग से चलाए जा रहे विकास कार्यों के कारण भंगुर पहाड़ों पर अनेक भयावह नतीजे देखे जा चुके हैं। उनसे पार पाना बड़ी चुनौती है। अब उन पर बढ़ता बंजरपन नए संकट झेलने को मजबूर कर सकता है। बढ़ते तापमान और सर्दी की अवधि में निरंतर संकुचन से गेहूं और कई दलहनी फसलों के उत्पादन में हर वर्ष कुछ कमी दर्ज हो रही है। अनियमित और असंतुलित वर्षा के कारण धान और तिलहनी फसलों का उत्पादन भी घट रहा है। ऐसे में पहाड़ों के मौसम का बिगड़ता मिजाज मैदानी इलाकों की मुश्किलें और बढ़ाएगा। मगर विडंबना है कि रोज-रोज उठ खड़े हो रहे संकटों और उनकी वजहों की जानकारी प्रकट होने के बावजूद अपेक्षित जागरूकता कहीं नजर नहीं आती। पहाड़ों और वनों की कटाई, औद्योगिक विकास के नाम पर पारिस्थितिकी के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में निर्माण कार्यों को छूट दी जा रही है। विचित्र है कि सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि पर्यावरण विभाग की इजाजत के बगैर कहीं भी विकास परियोजनाओं को मंजूरी नहीं दी जा सकती। पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ों को जिस प्रकार घायल कर दिया गया है, कचरा निष्पादन की चुनौतियां पैदा कर दी गई हैं, उसे भी रोकने के प्रयास नजर नहीं आते। ऐसे में संकटों का सामना कैसे किया जा सकता है।

# हमारी शिक्षा व्यवस्था और भाषा

**विश्व हिंदी दिवस ( दस जनवरी ) पर विशेष**




जब भी हिंदी ( मानक में हिंदी और प्रचलन में हिन्दी ) की बात आती है तब इस महादेश के आठ-दस हिंदी भाषी राज्यों के कुछ लोगों के अंदर का बाहुबली जाग जाता है। वे एक सिरे से अंग्रेजी भाषा और दक्षिण भारतीय लोगों के ईमानदार विरोध को नकार देते हैं। उन्हें लगता है कि दक्षिण भारत के लोग उनके शत्रु हैं। कई तो सीधे-सीधे हिंदी बनाम अन्य भाषा-भाषी विरोधी भाषण देकर तालियाँ तक बटोर ले जाते हैं। हिंदी दिवस और विश्व हिंदी दिवस पर ये सब इतना होने लगा है कि टीजीटी, पीजीटी अंग्रेजी के शिक्षक या अंग्रेजी के प्रोफेसर भयाक्रांत होकर इस अवसर पर मौन रहना ही उचित समझते हैं। कई जगह तो वे अपमानित भी होते हैं। यकीनन, हिंदी दिवस के अवसर पर यह व्यवहार अवांछित, संकीर्ण और असंवैधानिक है।चूंकि स्वतंत्रता के रूप में वर्ष 1947 में अंग्रेजों द्वारा अपनाई गई और छोड़ी हुई चीजें ही भारत को सतत संघर्ष और उपहार में मिलीं, तो उसमें अंग्रेजी भाषा भी थी। इस भाषा को छोड़ना मुश्किल इसलिए भी था क्योंकि यह अपनी महत्ता जगजाहिर करते हुए देश को अन्य देशों से जोड़ रही थी। इसे छोड़ देते तो अन्य देशों से संवाद का त्वरित माध्यम क्या होता? प्रधानमंत्री द्वारा किस भाषा में अंतर्राष्ट्रीय संवाद कायम होता? ऐसे में नेहरू, गांधी, पटेल और विनोवा भावे का मानना था कि अभी अंग्रेजी रखना इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि इससे हमारी दुनिया खुलेगी।जब देश ने शिक्षा व्यवस्था और भाषा के प्रश्न पर सोचना प्रारंभ किया तब नेहरू, गांधी और विनोबा की सोच और भाषाई फॉर्मूले कुछ-कुछ अलग-अलग निकले। भाषा-भाषाई की विविधता वाले देश में इस प्रकार विचारों का सकारात्मक टकराव चिंताजनक नहीं अपितु बहुत स्वाभाविक है। चिंताजनक है कि कोई किसी से अपनी भाषा छोड़ देने के लिए कहे। जैसे उत्तराखंडियों से कोई यह कहे कि कुमाऊँनी, गढ़वाली छोड़ दो। पंजाबियों से कहे कि पंजाबी छोड़ दो। बंगालियों से कहे कि बंगाली छोड़ दो। बिहारियों से कहे कि बिहारी छोड़ दो। ऐसे में दक्षिण भाषाई लोग भी अपनी भाषा कैसे छोड़ दें। ये सब प्रश्न अपने दृष्टिकोण से सोचने के साथ साथ उनके दृष्टिकोण से भी सोचना आवश्यक है। संभवत: इसी कारण संविधान सभा द्वारा सबसे विचारोत्तेजक बहस भाषा पर हुई, और उस समय विशेषकर राष्ट्रभाषा का प्रश्न भविष्य की पीढ़ी पर छोड़ दिया गया।थोड़ा पीछे आकर विचार करें तो राष्ट्रीय शिक्षा आयोग अर्थात वर्ष 1964-66 में कोठारी आयोग ने त्रिभाषा फॉर्मूला मातृभाषा, राष्ट्रभाषा और अंग्रेजी दिया पर जो मनोवांछित सफलता मिलनी चाहिए थी, वह आज तक मिल न सकी। इसके पीछे भी सरकार की मंशा, कछुआ गति, नीतिगत निर्णय और बहुत कारक उत्तरदायी रहे हैं। इसी बीच हिंदी के प्रति नागरिकों की भावना इतनी अधिक समृद्ध हुई कि अधिकांश नागरिक हिंदी को राष्ट्रभाषा समझ लेते हैं। लेकिन यह मात्र उनका भाव या उनकी भावनाओं का खेल है। वास्तविकता नहीं।वास्तविकता यह है कि हिंदी दिवस या विश्व हिंदी दिवस पर केवल बधाई और शुभकामनाएँ देने से काम नहीं चलने वाला। यह भी कहने से काम नहीं चलने वाला कि हिंदी विश्व के 135 या 150 देश में बोली जाती है और हिंदी का विस्तार और कद निरंतर बढ़ रहा है। बल्कि काम चलेगा हिंदी का प्रयोजनमूलक रूप अर्थात कामकाजी रूप को बढ़ावा देने से। यह कार्य प्रबुद्ध नागरिकों और सरकार को आपसी सहयोग से करना होगा। इससे देश बेशक, कछुए की गति से लेकिन भाषा के क्षेत्र में बहुत विकास करेगी। हिंदी का प्रयोजनमूलक रूप के विस्तार होते ही हिंदी भाषा-भाषी छात्र या आवेदक, हिंदी पर गर्व करेगा। गर्व करेगा कि हिंदी पढ़कर आज उसे नौकरी मिली। यह ध्यान देने वाली बात है कि हिंदी तभी आगे बढ़ेगी जब वह पढ़े-लिखों या बेरोजगारों को, नौकरी, आजीविका देगी या उनकी रोजीरोटी से जुड़ेगी। विचार करना होगा कि सक्षम लोग तो अपने बच्चों को महंगे स्कूलों में या बनी-बनाई व्यवस्था के कॉन्वेंट स्कूलों में अंग्रेजी पढ़ा लेते हैं। उन्हें बहुत सरलता से नौकरी भी मिल जाती है, लेकिन हिंदी पढ़ा-लिखा छात्र कहाँ जाए। क्या वह हिंदी दिवस या विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर व्हाट्सएप, फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और ट्विटर यानी सोशल मीडिया पर बस बधाई और शुभकामनाएँ ही देता घूमें। ऐसे में इन सब बिंदुओं पर विचार करना आवश्यक है। वर्ष 2015 में भोपाल [ मध्य प्रदेश ] में आयोजित दसवें विश्व हिन्दी सम्मेलन में वर्तमान प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने जो हिंदी के विषय में अपनी चिंता प्रकट की। उसके परिणामस्वरूप हिंदी के कामकाजी रूप को जो बढ़ावा और विस्तार मिला, वह सब यकीनन प्रशंसनीय है लेकिन स्मरण रहे कि हिंदी शिक्षा हब, डिजिटल शिक्षा हब, प्रौद्योगिकी हब, परिवहन हब, सूचना हब, कृषि हब, अनुसंधान हब, और प्रबंधन, अर्थात, ज्ञान विज्ञान का हब बनने से अभी भी कोसों मील दूर है। हिंदी दिवस पर पोस्टर बनाकर बधाई और शुभकामनाएँ देने से न हिंदी का विकास, न देश का। नेताओं-मंत्रियों के हिंदी बोलने से कुछ नहीं होगा। यह सब दिखावा है। आवश्यक है हिंदी को लेकर गंभीर नीतिगत निर्णय, और शिक्षा व्यवस्था के सभी अनुशासनों में हिंदी को लेकर उच्च स्तरीय शिक्षा का प्रबंध। फिर हिंदी की महक और विस्तार रुके भी नहीं रुकेगी। बस आवश्यक है कि इसे मुख्य भूमिका में लाया जाए। यही अपनी और हृदय की भाषा है। अंत में देश के विकास अपनी भाषा की क्या भूमिका होती है इसके लिए युगोस्लाविया के प्रमुख वैज्ञानिक एल्टन मोल्गने की बातों पर भी विचार करना उचित होगा। सातवें दशक में उन्होंने नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते कहा था कि- ष्मेरे देश में वैज्ञानिक अनुसंधान के परिणाम युगोस्लाव में प्रकाशित होते हैं, इसलिए वहाँ विज्ञान को उपयोग जनसाधारण के लिए सुलभ है। वहाँ विज्ञान की पत्र-पत्रिकाएँ भी वहीं की भाषा में निकलती है। इससे भी जनसाधारण को विज्ञान का ज्ञान सुलभ है और उनका दृष्टिकोण रूढ़िपंथी की जगह वैज्ञानिक हो गया है।ष अत: आवश्यक है कि देश को जोड़ने के लिए हम सभी हिंदी का दामन पकड़ें और इस विषयक गंभीर कार्य को बढ़ावा दें, ताकि हमारा देश वैसा ही बन सके जैसा कि युगोस्लाविया के वैज्ञानिक एल्टन मोल्गने अपने देश के लिए कहते हैं। यानी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध।

**डॉ. खेमकरण सोमन, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर।**

## छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

गदरपुर ( उद संवाददाता )।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उधम सिंह नगर उत्तराखंड के अंतर्गत किशोर किशोरी में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी विषयों को लेकर राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर के सभागार में विकास खंड गदरपुर के निजी डॉक्टर रेखा रानी, डॉक्टर विकास सचान एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम काउंसलर राधा मिगलानी द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर कार्यशाला के विजेता प्रतिभागियों पीर एजुकेटरों को पुरस्कारों प्रशिक्षित किया गया । कार्यक्रम का समापन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा संजीव सरना एवं खंड शिक्षा अधिकारी भास्करानंद पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मो रिजवान बीपीएम, विमला वैद्य स्टाफ नर्स, सोनिया वैद्य स्टाफ नर्स,



एवं राजकीय विद्यालयों के पीयर एजुकेटरों की छह दिवस की प्रशिक्षण कार्यशाला का बुधवार को समापन किया गया। 6 दिवसीय कार्यशाला में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के मुख्य 6 विषयों को लेकर प्रत्येक दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉक्टर प्रशांत चौहान ,डॉक्टर कल्पना पांडे, का वितरण किया गया। प्रशिक्षण के दौरान किशोर किशोरियों में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन, स्वास्थ्य एवं , किशोरावस्था में बढ़ती दुर्घटना एवं हिंसा , मासिक धर्म एवं सेनेटरी नैपकिन का सही प्रयोग ,पोषण एवं स्वास्थ्य, सोशल मीडिया का जीवन पर प्रभाव ,गैर संचारी रोगों का रोकथाम आदि कई विषयों पर पीयर एजुकेटर को अतिश कालरा फार्मासिस्ट, लेखराज सिंह, मयंक पनेरू, दीपांशु ,एनजीओ सदस्य , वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी खांडल शिक्षा अधिकारी कार्यालय गदरपुर आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में आरकेएसके काउंसलर राधा मिगलानी द्वारा समस्त प्रतिभागी पियर एजुकेटर एवं विषय विशेषज्ञों का आभार प्रकट किया गया।

## तराई में घने कोहरे व कड़ाके की ठंड से लोग बेहाल

रुद्रपुर। ऊधमसिंहनगर जनपद के तराई क्षेत्र में लगातार घना कोहरा छाया हुआ है जबकि बारिश नहीं होने से कड़के की ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। मंगलवार को रुद्रपुर का न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि नैनीताल का न्यूनतम तापमान आठ और पिथौरागढ़ का 9.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह और रात में घना कोहरा यातायात को प्रभावित कर रहा है। पंतनगर में लगातार 12वें दिन मौसम की मार फ्लाइट पर पड़ी रही और संचालन बंद रहा। सुबह के समय तराई में घने कोहरे के चलते लोगों को वाहन चलाने में दिक्कत हो रही है। मंगलवार को कुछ देर के लिए ही हल्की धूप आई। ठंड बढ़ने से लोग आग और हीटर का सहारा ले रहे हैं। रात के समय राहगीरों को अलाव थोड़ा राहत दे रहा है। ठंड बढ़ने से बुजुर्गों को ज्यादा दिक्कतें हो रही हैं। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार मंगलवार को आंशिक बादलों के बीच मौसम साफ रहेगा। इधर पंतनगर एयरपोर्ट से दिल्ली की दो और जयपुर की एक फ्लाइट 12 वें दिन भी कोहरे के चलते कम दृश्यता होने की वजह से निरस्त रही। इंडिगो एयरलाइंस ने पहले ही टिकट बुकिंग बंद की थी, लिहाजा यात्रियों को परेशान नहीं होना पड़ा। काशीपुर में कड़ाके की ठंड और कोहरे का प्रकोप बढ़ते ही बस में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या घट गई है। पिछले दो महीनों में केवल नवंबर में ही डिपो आय के लक्ष्य को पार कर पाया। काशीपुर रोडवेज डिपो से 46 बस का संचालन दिल्ली, जयपुर, लखनऊ समेत कई आंतरिक और बाहरी राज्य मार्गों पर होता है। इसके लिए मुख्यालय से हर माह प्रतिदिन आय अर्जित करने का एक लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। नवंबर और दिसंबर में 10.29 लाख और इस माह 9.36 लाख का लक्ष्य निध ्रारित किया गया है। आंकड़ों को देखा जाए तो नवंबर में 12 तारीख को ही डिपो ने लक्ष्य को पार कर 12.30 लाख रुपये की आय अर्जित की थी। दिसंबर में 10 लाख और जनवरी में आय सात लाख ही पहुंच पाई है।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण

अल्मोड़ा ( उद संवाददाता )। जिला समाज कल्याण अधिकारी अराधना त्रिपाठी ने बताया कि अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग श्रीमती लीलावती राणा ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का स्थलीय भ्रमण व निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि प्रशिक्षण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय एवं प्रयोगों के माध्यम से प्रस्तुति दी जाय साथ ही संस्थान में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाय। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान राजकीय औद्यौगिक प्रशिक्षण केन्द्र के गजेन्द्र डसीला ने बताया कि वर्तमान में संस्थान में कुल 17 व्यवसायों के अन्तर्गत लगभग 500 प्रशिक्षणत है। जिसमें 136 अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षणरत है। भ्रमण के दौरान आयोग के सदस्य सुरेन्द्र राणा, शूरवीर डोभाल, समाज कल्याण विभाग से शेखर चन्द्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# पर्वतारोही सविता कंसवाल को मरणोपरांत तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार 2022 से किया सम्मानित



नई दिल्ली/ देहरादून (उद संवाददाता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को दिल्ली में पर्वतारोही स्वर्गीय सविता कंसवाल को मरणोपरांत श्तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार. 2022 से सम्मानित किया है। बता दें ये यह सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सविता के पिता राधेश्याम कंसवाल को दिल्ली में दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिवंगत सविता कंसवाल को सम्मानित करने पर अपने सेदेश में कहा कि " देवभूमि की बेटी पर्वतारोही स्व. सविता कंसवाल जी को मरणोपरांत "तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार-2022" से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा सविता जी के पिताजी श्री राधेश्याम कंसवाल जी को यह सम्मान दिया गया। सविता कंसवाल जी पहली भारतीय महिला पर्वतारोही थी, जिन्होंने 16 दिन के अंतराल में माउंट एवरेस्ट और माउंट मकालू पर तिरंगा फहराया था। सविता जी के अदम्य साहस और दृढ़ता को कोटिश: नमन !"

# प्रदेश के सभी विद्यालयों में 'बैग फ्री डे' या 'बस्ता रहित दिवस' योजना लागू

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रदेश के सभी विद्यालयों में बैग फ्री डे या बस्ता रहित दिवस योजना लागू की गई। सम्पूर्ण शैक्षिक सत्र में कुल दस दिन बैग फ्री डे का संचालन रहेगा। इसके लिये प्रत्येक माह अंतिम शनिवार का दिन नियत किया गया है। बैग फ्री डे योजना उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा-06 से कक्षा-12 तक लागू की जायेगी, प्रदेश के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में यह योजना पहले से ही 'प्रतिभा दिवस' के तौर संचालित की जा रही है। बैग फ्री डे पर स्कूलों में मुख्यत: तीन प्रकार के कार्यों का संचालन किया जायेगा जिसमें जैविक रूप, मशीन और सामग्री तथा मानवीय सेवाएं शामिल हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जैविक रूप की गतिविधियों में छात्रों को मृदा प्रबंधन और मिट्टी के प्रारम्भिक कार्य, कृषि और बागवानी की पद्धतियां सिखाई जायेगी। मशीन और सामग्री के अंतर्गत छात्रों को कागज, लकड़ी, मिट्टी, कपड़ा, पेंट, स्याही जैसी सामग्रियों का उपयोग करके हस्तशिल्प कार्य तथा आधुनिक मशीनों सहित प्रारम्भिक मशीनों का उपयोग करना बताया जायेगा मानवीय सेवाओं के तहत कुशल संवाद की अभिरूचि और टीमों में काम करने की योग्यता, स्वास्थ्य देखभाल और आतिथ्य के आधार सहित बुनियादी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी कौशल सिखाया जायेगा। इसी प्रकार माध्यमिक विद्यालयों में जैविक रूप कार्यों के तहत प्रकृति अनुकूल कृषि, प्रकृति संरक्षण/ पुनर्स्थापना, नर्सरी प्रबंधन, पशुधन पालन, वित्तीय सेवाएं, सौन्दर्य और व्यक्तिगत देखभाल एवं उद्योग संबंधी जानकारियां छात्र-छात्राओं को प्रदान की जायेगी। मशीन व सामग्री के तहत छात्रों को सिलाई, बढ़ईगिरी, वेल्डिंग और कास्टिंग, मिट्टी के बर्तन, स्थानीय कला व रोबोटिक मशीनिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी प्रकार मानवीय सेवाओ के तहत छात्रों को स्वास्थ्य देखभाल, बिजली का काम, परिवहन सेवाएं, विक्रय और विपणन, आतिथ्य और पर्यटन, इंटरमीडिएट सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# शादी से पहले युवती दिल्ली में चौथी मंजिल कूदी, अस्पताल में किया भर्ती

नईदिल्ली/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के रुद्रपुर से अपने मंगेतर के साथ खरीदारी करने दिल्ली आई युवती ने मंगलवार सुबह चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। नीचे गिरने के दौरान बिजली के तारों में उलझती हुई गिरी। गंभीर हालत में खेड़ा कालोनी, रुद्रपुर, उत्तराखंड निवासी युवती अनू प्रिया सक्सेना (25) को कड़कड़डूमा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में फ्रैक्चर होने की वजह से अनू की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। शुरुआती जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मंगेतर से झगड़ा होने के बाद अनू ने चौथी मंजिल से छलांग लगाई। पुलिस अनू के मंगेतर पीलीभीत, यूपी निवासी विशेष प्रकाश (30) से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने मौके का मुआयना किया है। पुलिस अनू की सहेली शिखा से भी पूछताछ कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पड़ताल की जा रही है। अनू के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई। परिजनों के दिल्ली आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अमरुथा गुगुलोथ ने बताया कि अनू परिवार के साथ रुद्रपुर, उत्तराखंड में रहती है। वह बंगलुरू की एक आईटी कंपनी में नौकरी करती है। फिलहाल वह वर्क फ्रोम होम घर से ही काम कर रही है। अक्तूबर माह में अनू की मंगनी पीलीभीत निवासी विशेष प्रकाश से हुई थी। दोनों की 18 फरवरी को शादी होने वाली थी। इसको लेकर घर में तैयारी चल रही थी। अनू शादी की खरीदारी करने के लिए दो-तीन दिन पहले दिल्ली आ गई। वह लक्ष्मी नगर के गुरु अंगद नगर में अपनी सहेली शिखा के साथ रुकी हुई थी। अनू के साथ खरीदारी करने के लिए सोमवार को विशेष भी दिल्ली आ गया। मंगलवार सुबह अनू और विशेष के बीच किसी बात पर झगड़ा हो गया। झगड़ा इस कदर बढ़ा कि विशेष ने अनू से शादी न करने की धमकी दे दी। इस बात से आहत होकर गुस्से में अनू ने शिखा के घर चौथी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। नीचे गिरने के दौरान वह बिजली के तारों में उलझती हुई गिरी। लेकिन सिर के बल गिरने से उसको गंभीर चोट लगी। उसके हाथ-पैर समेत शरीर के कई हिस्सों में फ्रैक्चर हो गया। पुलिस को सुबह करीब 8.59 बजे कैलाश दीपक अस्पताल से युवती के भर्ती कराने की सूचना मिली थी। युवती को उसके मंगेतर विशेष ने ही भर्ती कराया था। पुलिस विशेष व बाकी अन्य लोगों से पूछताछ कर मामले कर छानबीन कर रही है।

# जालसाज को दिल्ली से किया गिरफ्तार

उत्तरकाशी। एंबेसी में नौकारी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक नाइजीरियन जालसाज को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके कब्जे से पुलिस ने धोखाधड़ी में प्रयुक्त किए जा रहे लैपटॉप, मोबाइल आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। आरोपी विदेशी करेंसी का लालच देकर लोगों से ठगी करता था। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि बीते नवंबर में पुरोला थाने में एक व्यक्ति ने सात लाख 45 हजार ठगी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को दी गई तहरीर में व्यक्ति ने बताया था कि उसे अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया। उसने विदेशी करेंसी और नौकरी देने का वादा किया, लेकिन कुछ दिन बाद उसने फोन उठाना बंद कर दिया। तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सीओ बड़कोट सुरेंद्र सिंह भंडारी और थानाध्यक्ष अशोक कुमार के नेतृत्व में एसओजी की टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान ठगी करने के मामले में छत्रपुर महरौली नई दिल्ली निवासी अमेची नाम के व्यक्ति की संलिप्ता पाई गई। उसकी लोकेशन तलाशने के बाद ठगी करने के आरोप में बीते दिन अमेची को राम कॉलोनी छतरपुर महरौली नई दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह विभिन्न फोनों को वाई-फाई, ब्राडबैंड से कनेक्ट कर फेसबुक, व्हाटस एप के माध्यम से लोगों को कॉल, मैसेज कर झांसे में लेकर ठगी करता है। अगस्त 2021 में वह बिजनेस वीजा पर नाइजिरिया से नई दिल्ली आया। छतरपुर में किराए के फ्लैट में रह रहा था। उसने फेसबुक पर एक विदेशी महिला की फोटो लगाकर फेंक फेसबुक प्रोफाइल बनाई थी, जिससे वह कई लोगों से चौटिंग, फोन नंबर लेकर बात कर झांसे में फंसाकर एंबेसी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता था।

# रूद्रप्रयाग में स्पोर्ट्स स्टेडियम के लिए बनी सहमति

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में अगस्त्यमुनि रूद्रप्रयाग में स्पोर्ट्स स्टेडियम के सम्बन्ध में वित्त व्यय समिति की बैठक ली। इस दौरान के लिए अगले 5-10 सालों का व्यापक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रदेशभर में आवश्यकता के आधार पर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के मैदानों में क्षेत्र की आवश्यकता आधारित खेल की आधारभूत संरचनाओं के निर्माण पर फोकस किया जाए। इससे स्कूल एवं स्थानीय लोग इन खेल मैदानों का लाभ उठा पाएंगे। इस



समिति द्वारा 1765.61 लाख रूपए लागत की योजना को सहमति प्रदान की गई। उन्होंने अगस्त्यमुनि रूद्रप्रयाग में स्पोर्ट्स स्टेडियम के लिए स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित कर अन्य खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा प्रदेशभर के सरकारी एवं प्राईवेट स्कूलों के खेल भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलने के लिए मैदान और अन्य सुविधाएं मिलने लगेंगी तो प्रदेश के युवा नशे एवं अन्य गलत कार्यों की ओर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी एवं प्राईवेट स्कूलों के खेल अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, विशेष प्रमुख सचिव खेल श्री अमित सिन्हा, अपर सचिव श्री विजय कुमार जोगदण्डे सहित अपर सचिव एवं निदेशक खेल श्री जितेन्द्र कुमार सोनकर उपस्थित रहे।

# नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई, हादसे की होगी जांच

हरिद्वार। चीला रेंज में ट्रायल के लिए बुलाए गए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) हादसे में मृतक रेंजर समेत चारों कर्मचारियों का मंगलवार को हरिद्वार के खड़खड़ी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी, परिजन और क्षेत्रवासी कर्मचारियों को अंतिम विदाई देने के लिए पहुंचे। बता दें कि सोमवार को ट्रायल के लिए वाहन में वन्य जीव प्रतिपालक आलोकी, वन क्षेत्राधिकारी शैलेश घिल्डियाल, उपवन क्षेत्राधिकारी प्रमोद ध्यानी, चिकित्सक राकेश नौटियाल के अलावा कुलराज सिंह, हिमांशु गोसाई, सैफ अली खान, अंकुश, अमित सेमवाल व अश्विन बीजू सवार थे। वाहन चीला से ऋषिकेश की ओर जा रहा था। चीला विद्युत गृह से कुछ आगे अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया और बाद में चीला शक्ति नहर के पैराफिट से जा टकराया। मौके पर पहुंची पुलिस व वन विभाग के कर्मचारियों ने घायलों को खाई से निकाल कर उपचार के लिए एम्स पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने शैलेश घिल्डियाल (रेंज अधिकारी), प्रमोद ध्यानी (डिप्टी रेंजर), सैफ अली खान पुत्र खलील उल रहमान, कुलराज सिंह को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को देहरादून से टेक्निकल एक्सपर्ट फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने सैंपल कलेक्ट करने के साथ-साथ हादसे का मैप भी तैयार किया। चीला मार्ग पर हुई दुर्घटना की जांच प्रमुख वन संरक्षक को दी गई है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने इस संबंध में भुवनेश्वर से फोन पर प्रमुख वन संरक्षक को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पेज एक का शेष...

**सीएम के रोड शो में ...**किया गया। स्वागत करने वालों में शैल सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष गोपाल पटवाल, महामंत्री एडवोकेट दिवाकर पांडे, दयाकिशन दनाई, सतीश ध्यानी, धीरज पांडे, राजेंद्र बोरा, संजीव बुधोरी, हरीश दनाई, दिनेश बम, जगदीश सिंह बिष्ट, गगन कांडपाल, उत्तम जंतवाल, कमलेश बिष्ट, दीपा जोशी, विनीता पांडे, सुनीता पांडे, कमला पाठक, नीलम कांडपाल, गीता बिष्ट, चंदा बम, सरिता उपाध्याय, लीला दनाई आदि लोग उपस्थित थे। वहीं मुख्य बाजार में पूर्वांचल समाज, सिख समाज, देशज समाज, बंगाली समाज, मुस्लिम समाज, भाजपा महिला मोर्चा एवं पूर्व सैनिकों ने अलग अलग स्थानों पर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। जोरदार स्वागत से मुख्यमंत्री धामी अभिभूत हो उठे। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उमड़ पड़े सीएम ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी बाटा चौक पर सीएम धामी का स्वागत किया। रोड शो का स्वागत के दौरान महाराजा रणजीत सिंह चौक पर देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष स. गुरमीत सिंह, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, वेद ठुकराल, नरेंद्र अरोरा, भारत भूषण चुघ, रोहित मित्तल, नत्थू लाल गुप्ता, बिन्नी गुंबर, तरुण दत्ता आदि ने स्वागत किया। उधर गल्ला मंडी में डाक्टर रणजीत सिंह गिल, वीरेंद्र सुखीजा, यशपाल घई, पुरुषोत्तम अरोरा ने किया। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, प्रीत ग्रोवर बालकृष्ण, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, विनय बतरा, सुनील ठुकराल, विकास शर्मा, विपिन जल्होत्रा, सुरेश कोली, अनिल चौहान सुनील चौहान, सुशील चौहान, सपन मंडल समेत हजारों लोग मौजूद थे।

**दशकों बाद बदला..**गयी है। लम्बे समय से गांधी पार्क बदहाली पर आंसू बहा रहा था। कई बार गांधी पार्क के सौंदर्यीकरण का बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता रहा है। पार्क की बदहाली के चलते यहां पर गंदगी का अंबार था, शाम ढलते ही यह पार्क असमाजिक तत्वों और नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ था। चारों ओर अतिक्रमण से गांधी पार्क पूरी तरह घिरा हुआ नजर आता था। जी-20 के दौरान गांधी पार्क के किनारे से अतिक्रमण हटने के बाद पार्क खुला हुआ नजर आने लगा था। लेकिन दूसरी ओर ठेलियों ने गांधी पार्क की शोभा बिगाड़ रखी थी। जिन्हें फिलहाल प्रशासन ने अस्थाई तौर पर हटा दिया है। जिससे गांधी पार्क का स्वरूप और भी निखरकर सामने आया है। गांधी पार्क में उंचे नीचे गड्ढों का समतलीकरण करने के साथ ही पार्क के किनारे अतिक्रमण मुक्त कराई गई खाली जगह का भी समतलीकरण करके गांधी पार्क को प्रशासन ने पूरी तरह चमका दिया है। बुधवार को मातृ शक्ति वंदन महोत्सव में पहुंचे हजारों लोग गांधी पार्क का नया स्वरूप देकर चौंक गये। बाहर से आये लोगों को तो यकीन ही नहीं हो रहा था कि यह पहले वाला गांधी पार्क है। खास तैयारियों के साथ गांधी पार्क में आज से दस दिवसीय सरस मेला भी शुरू हो गया। जिसमें विभिन्न राज्यों से आये महिला स्वयं सहायता मसूहों ने 200 से अधिक स्टाल गाये हैं। जिनमें 15 राज्यों के विशेष उत्पादों के स्टाल भी शामिल हैं। अब लोगों के मन में यही सवाल उठ रहा है कि दस दिन बाद गांधी पार्क का स्वरूप क्या होगा। गांधी पार्क की फिर से दुर्दशा होगी या फिर गांधी पार्क का सौंदर्य बरकरार रहेगा ?

**उत्तराखंड को आदर्श..**आदर्श राज्य बनाना उनका प्रथम लक्ष्य है। इसमें महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। महिलाओं को जो सम्मान भाजपा सरकार ने दिया है वह पहले कभी नहीं मिला। कहा, मैं तब तक चौन से नहीं बैठूंगा, जब तक उत्तराखंड आदर्श राज्य न बन जाए। उन्होंने राम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कहा कि मंदिर के निर्माण की सदियों से जो मनोकामना थी वह आगामी 22 जनवरी को पूरी हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन महोत्सव प्रदेश के सभी जिलों में अलग अलग नाम से मनाया जा रहा है, जिसमें उन्हें माता बहनों के बीच जाने का अवसर मिल रहा है। सीएम ने कहा कि वह बहुत से कार्यक्रमों में गये हैं लेकिन इतनी बड़ी विशाल संख्या उन्हें उधम सिंह नगर में लघु भारत बसता हैं यहां पर आज रोड शो में विभिन्न समाजों की संस्कृति की झलक दिखाई थी। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मातृ शक्ति ने भारी संख्या में जुटकर उत्साह बढ़ाया है। इसके लिए सभी का आभार। जो सम्मान मुझे जो सम्मान और आशीर्वाद दिया है उसके लिए आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इस कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा जो स्टाल लगाये गये हैं वह आत्म निर्भर भारत को धरातल पर उतारने का उदाहरण है। महिलाएं आज खुद आत्म निर्भर होने के साथ दूसरों को भी रोजगार देने का काम कर रही है। इस राज्य की स्थापना में मातृ शक्ति का जो योगदान रहा है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मातृ शक्ति न सिर्फ परिवार बल्कि प्रदेश और देश का भी खयाल रखी है। नारी शक्ति वंदन महोत्सव का उद्देश्य नारी सशक्तिकरण है। क्यों कि नारी शक्ति को मजबूत किये बिना देश को मजबूत नहीं किया जा सकता। आज ऐतिहासिक पल आने जा रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। हमारी जिम्मेवारी बनती है जिस प्रकार से राम मंदिर को बनाने के लिए संघर्ष किया है। अब 22 जनवरी को सभी ने दीपोत्सव मनाना है। हर घर में हर मंदिर में दीप जले और प्रभु श्री राम का गुणगान होना चाहिए क्यों कि वह सदियों के बाद यह घड़ी आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद से लगातार महिलाओं और बेटियों की स्थिति मजबूत हो रही है। देश भर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर मातृ शक्ति मजबूत हो रही है। महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे उत्पाद आज मल्टी नेशल कंपनियों से टक्कर ले रहे हैं। पूरे देश के अंदर वर्तमान में 70 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह हैं जिनसे आठ करोड़ महिलाएं जुड़ी है। उत्तराखण्ड में भी महिला स्वयं सहायता समूहों ने उल्लेखनीय कार्य किये हैं। मोदी जी के नेतृत्व में हम इस प्रयास में लगे हैं कि उत्तराखण्ड में दुर्गम स्थानों पर रह रही महिलाओं को भी स्वरोजगार से जोड़ा जाये। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट, कृषि मंत्री गणेश जोशी, कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक शिव अरोरा, गदरपुर विधायक अरविंद पाण्डे, काशीपुर के विधायक त्रिलोक चीमा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, प्रदेश महामंत्री भाजपा खिलेन्द्र चौधरी, विकास शर्मा, गुरविंदर सिंह चंडोक, कुमायू आयुक्त दीपक रावत, पुष्कर काला, उत्तम दत्ता, एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टिसी, योगेन्द्र रावत, मण्डी परिषद अध्यक्ष अनिल डब्बू समेत हजारों लोग मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रूद्रपुर के गांधी पार्क में आयोजित नारी शक्ति वन्दन महोत्सव में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियां











